# लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी

- संवाद में मर्यादित भाषा जरूरी : प्रीति शुक्ला
- लोकतंत्र को मजबूत करे, सामाजिक सौहार्द बढ़ाए



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 28 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी की नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने राजनीतिक एवं सामाजिक संवाद में शालीन भाषा के प्रयोग पर जोर देते हुए सभी राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने की अपील की है.**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन वैचारिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का उपयोग आवश्यक है.

प्रीति शुक्ला ने कहा कि सरकार की नीतियों का समर्थन या विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष, अपमानजनक टिप्पणियां और अशोभनीय भाषा लोकतांत्रिक संस्कृति को कमजोर करती हैं. उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत वैमनस्य का रूप नहीं दिया जाना चाहिए. लोकतंत्र की शक्ति विचारों के संघर्ष में है, जबकि उसकी गरिमा संयमित और जिम्मेदार संवाद में निहित है.

> उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज जनमत निर्माण का प्रभावशाली माध्यम बन चुका है. ऐसे में प्रत्येक जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता और नागरिक का दायित्व है कि वह पोस्ट साझा करते समय या किसी टिप्पणी का जवाब देते समय भाषा की मर्यादा बनाए रखे. राजनीतिक आलोचना तथ्यों, तर्कों और जनहित के मुद्दों पर आधारित होनी चाहिए, न कि अभद्रता और आरोप-प्रत्यारोप पर. भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सकारात्मक राजनीति, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संवाद की पक्षधर रही है. उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और नागरिकों से ऐसी भाषा और व्यवहार अपनाने की अपील की, जो लोकतंत्र को मजबूत करे, सामाजिक सौहार्द बढ़ाए और आने वाली पीढ़ी के सामने स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण प्रस्तुत करे.

## लापरवाह ड्राइविंग से तीन बाइक क्षतिग्रस्त

**नर्मदापुरम.** रसूलिया क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है. यहां एक कार चालक ने तीन मोटरसाइकिलों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया. वहीं, पहाड़िया रोड पर भी एक कार को टक्कर मारने की घटना हुई. दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, रसूलिया स्थित ओम शक्ति टीवीएस शोरूम के सामने कार क्रमांक एमपी 05 सीए 2133 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए तीन मोटरसाइकिलों को चपेट में ले लिया. हादसे में तीनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं. इस मामले में यश यादव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. दूसरी घटना पहाड़िया रोड स्थित सिग्नेचर रिसोर्ट के पास हुई. नवीन सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि कार चालक नरेश जांगी ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी.

# छापामारी में 11 गैस सिलेंडर जब्त

- एसडीएम के नेतृत्व में चौपाटी और ढाबों पर हुई कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 28 जुलाई. पुरानी इटारसी में अंडे की दुकान पर हुए सिलेंडर विस्फोट के बाद प्रशासन ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम नीलेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को शहर के प्रमुख फूड सेंटर्स, चौपाटियों और ढाबों पर अचानक छापामार कार्रवाई की.**

जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग पाया गया. इस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 8 प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए. कार्रवाई की जद में रेस्ट हाउस के पास स्थित चौपाटी, खेड़ा का जय मां चाय-नाश्ता भोजनालय, वंश भोजनालय एवं ढाबा, सनखेड़ा रोड स्थित राधा-कृष्ण फास्ट फूड, मामा का ढाबा सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे. संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए.

एसडीएम नीलेश शर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुबैर खान सहित राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे. प्रशासन ने व्यवसायियों से निर्धारित नियमों का पालन करने और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल कमर्शियल गैस सिलेंडरों का उपयोग करने की अपील की.

## एक नजर में



### स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित

**सिवनी मालवा 28 जुलाई.** शहर में तहसील के ग्राम बड़ाखड़ कला स्थित जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी (पदभार ग्रहण समारोह) का आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम विजय राय रहे. कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, आकर्षक मार्च पास्ट एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. समारोह में नव निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन्स, वाइस कैप्टन्स तथा छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. विद्यालय की प्राचार्या ज्योति पणिक्कर ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन, सेवा भावना एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाते हुए उन्हें विद्यालय एवं समाज का आदर्श प्रतिनिधि बनने के लिए प्रेरित किया.



### रास्ते की मांग को लेकर रेलवे को सौंपा ज्ञापन

**इटारसी.** 12 बंगला क्षेत्र में मस्जिद इब्राहिम जाने वाले मार्ग और स्थानीय नागरिकों के आवागमन की समस्या को लेकर मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद एवं वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती अंजलि प्रमोद कलसिया के संयुक्त नेतृत्व में नागरिकों ने रेलवे के असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर नरेश कुमार बरैया को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि 12 बंगला क्षेत्र स्थित मस्जिद इब्राहिम तक पहुंचने वाले मार्ग तथा रहवासियों के घरों के सामने आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता छोड़ा जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे अधिकारी नरेश कुमार बरैया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि क्षेत्रवासियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि मस्जिद और नागरिकों के आवागमन के लिए आवश्यक मार्ग उपलब्ध कराया जाएगा तथा किसी को भी असुविधा नहीं होने दी जाएगी.

### गुरूपूर्णिमा उत्सव का आयोजन 4 अगस्त तक

पिपरिया. गुरूपूर्णिमा उत्सव पर स्वयं सेवको ने स्वयं सेवक के नाते परम पवित्र भगवा ध्वज को अपने गुरू स्थान पर रखकर राष्ट्र कार्य करते है इसी भाव से वर्ष में एक बार परम पवित्र भगवा ध्वज का पूजन समर्पण करके अपने संकल्प को सार्थक करते है. इसी के अंतर्गत स्वयं सेवको ने 25 जुलाई से 4 अगस्त तक कार्यक्रमो का आयोजन किया. 28 जुलाई को मंगलवारा धर्मशाला में शाम 7 .30 बजे से कार्यक्रम होगा जिसमें स्वयं सेवक उपस्थित रहेगे. 25 जुलाई को विवेकानंद बस्ती,26 जुलाई को चिंताहरण बस्ती,शालेय विद्यार्थी,27 जुलाई को रामप्रसाद बस्ती मे कार्यक्रम हुए. वही 29 जुलाई को अंबेडकर बस्ती,30 जुलाई को माधव बस्ती,31 जुलाई को शंकराचार्य बस्ती,1 अगस्त को चंद्रशेखर बस्ती व महाविद्यालय में 2 अगस्त को तुलसीदास बस्ती,मधुकर बस्ती,केशव बस्ती,3 अगस्त को महावीर बस्ती,4 अगस्त को संघ कार्यालय में समापन होगा.

# सांसद की फर्जी मौत की पोस्ट से मचा बवाल

- सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी. नर्मदापुरम-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई गई एक कथित फर्जी मौत की पोस्ट के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है. फेसबुक पर सांसद के निधन का आभास कराने वाली आपत्तिजनक पोस्ट सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है.**

जानकारी के अनुसार 27 जुलाई 2026 को फेसबुक पर 'शैलेंद्र सिंह राजपूत ' नाम की प्रोफाइल से एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें सांसद दर्शन सिंह चौधरी के निधन जैसी भ्रामक जानकारी प्रदर्शित की गई थी. पोस्ट में सांसद की फोटो के साथ ' ? शांति ' लिखी तस्वीर भी लगाई गई और उनके आधिकारिक फेसबुक अकाउंट को टैग किया गया था. पोस्ट दोपहर करीब 2 बजे प्रकाशित होने की जानकारी सामने आई है.



हालांकि वास्तविकता यह है कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी पूरी तरह सक्रिय हैं और लगातार क्षेत्र में जनसेवा एवं विकास कार्यों में जुटे हुए हैं. फर्जी पोस्ट सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया. मामले को लेकर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ तेंदूखेड़ा थाना पहुंचे. उन्होंने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए संबंधित फेसबुक अकाउंट संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की.

## 31 जुलाई को सजेगी सुरों की महफिल

**इटारसी.** शहर के संगीत प्रेमियों के लिए एक बार फिर स्वर्णिम युग के मधुर गीतों की शाम सजने जा रही है. प्रतिष्ठित सरगम म्यूजिक कॉलेज और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी सिनेमा के महान गायकों को समर्पित 'एक शाम रफी, किशोर, मुकेश, लता और आशा के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 31 जुलाई को रात्रि 8:30 बजे से कल्चुरी भवन, इटारसी में होगा. यह इस संगीतमय आयोजन का लगातार 32वां वर्ष है. जिला कलाकार संघ, नर्मदापुरम द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय और आमंत्रित कलाकार हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के महान संगीत स्तंभों मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर और आशा भोसले के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देंगे.

# अभियान से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- हरदा में बनी प्रदेश की पहली नक्षत्र वाटिका

**हरदा, 28 जुलाई . पर्यावरण संरक्षण, सनातन संस्कृति और गुरु भक्ति के अनूठे संगम के रूप में हरदा स्थित दादाजी धाम में जिले की पहली नक्षत्र वाटिका एवं नगर गृह वाटिका का शुभारंभ किया गया.**

'गुरु के नाम एक पेड़' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों ने अपने जन्म नक्षत्र के अनुरूप पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. गुरु अंबिका प्रसाद शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी को अपने गुरु के नाम एक वृक्ष लगाने और उसका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया. उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा है. आचार्य पंकज शर्मा



ने कहा कि यह नक्षत्र वाटिका प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जोड़ने वाला प्रेरणादायी प्रयास है, जो पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनेगी. डॉ. श्रीकांत अवस्थी ने गुरु को जीवन का पथप्रदर्शक बताते हुए वृक्षारोपण को श्रद्धा और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया. डॉ. अंकुर ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मूल्यों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता पर बल दिया. भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा और ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया.

## मंगल गीतों और जयघोष से गूंजा नर्मदा तट

**सिवनी मालवा 28 जुलाई.** तहसील के पावन माँ नर्मदा तट स्थित आंवलीघाट में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीराम एवं माता सीता के दिव्य विवाहोत्सव के साथ भगवान श्रीराम के अनुज भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के शुभ विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं मनोहारी वर्णन किया गया. मंगल गीतों, संगीतमय भजनों और 'जय श्रीराम' के जयघोष से संपूर्ण नर्मदा तट भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा. कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे समय भक्ति रस में डूबे रहे.



अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता एवं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी सुश्री अंजली आर्या (करनाल, हरियाणा) ने अपनी मधुर, ओजस्वी एवं संगीतमय वाणी में श्रीराम-जानकी विवाह तथा चारों भाइयों के विवाह प्रसंग का ऐसा सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि श्रद्धालुओं ने स्वयं को जनकपुरी के उस दिव्य विवाहोत्सव का प्रत्यक्ष साक्षी अनुभव किया.

## सोमवार को भी नहीं हुई टोल वसूली

**पिपरिया.** पिपरिया-बनखेड़ी मार्ग पर टोल वसूली को लेकर नागरिकों, ट्रांसपोर्टरों और वाहन चालकों के विरोध के बाद सोमवार को भी टोल वसूली शुरू नहीं हो सकी. टोल वसूली के विरोध में नागरिकों ने धरना प्रदर्शन और चक्काजाम किया था, जिसके बाद एमपीआरडीसी ने वसूली रोक दी. चक्काजाम के दौरान एमपीआरडीसी के अधिकारी, तहसीलदार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी. लोगों के भारी विरोध के बाद टोल वसूली बंद कर दी गई.

# शहर में सियार के आतंक से महिला-बच्चे समेत 12 लोग घायल

**इटारसी. शहर के नाला मोहल्ला और भगत सिंह नगर क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे एक पागल सियार के हमले से दहशत फैल गई. रिहायशी इलाके में घुसे सियार ने रास्ते में मिले लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें महिला और बच्चे समेत करीब 10 से 12 लोग घायल हो गए.**

हमले में कौशल्या बाई प्रजापति (54) गंभीर रूप से घायल हुई हैं. सियार ने उनके चेहरे और जबड़े पर हमला कर गहरे घाव कर दिए. उन्हें तत्काल



इटारसी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनके जबड़े पर करीब 10 टांके लगाए गए.सियार ने क्षेत्र में कई लोगों को अपना शिकार बनाया. घायलों में सलमान शाह, अभिषेक पाल सहित अन्य घायल है.

## गुप्त नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर में हुआ हवन-पूजन

**पिपरिया.** दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास द्वारा गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर हवन-पूजन एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. धार्मिक न्यास द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विशेष आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान आचार्य परसाई जी द्वारा देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया. इससे पूर्व विधि-विधान से घट स्थापना की गई. समापन अवसर पर हवन-पूजन कर मां जगत जननी से क्षेत्र में अमन, चैन, भाईचारा और सुख-समृद्धि की कामना की गई.

## किसान नेताओं को पुलिस ने किया नजरबंद

**पिपरिया.** मूंग खरीदी और खाद वितरण में लागू टोकन प्रणाली समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति के तहत भोपाल जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया. किसान संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार पिपरिया क्षेत्र से किसान नेता नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर पूजन के बाद पैदल भोपाल मार्च के लिए रवाना होने वाले थे. इससे पहले ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किसान नेताओं को रोक लिया.

## मानसिक रूप से अस्वस्थ यात्री को आरपीएफ ने सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**इटारसी. रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इटारसी ने 'ऑपरेशन सेवा' और 'रेल मदद' पोर्टल की मदद से मानसिक रूप से अस्वस्थ एक यात्री को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर मानवता का परिचय दिया.**

बैतूल निवासी सुभाष मालवीय (52) बोरधाई-मथुरा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20423) से यात्रा कर रहे थे. इटारसी स्टेशन पर उतरने के बाद ट्रेन छूट जाने से वह प्लेटफॉर्म पर भटक गए.

यात्री के भाई भास्कर द्वारा



शिकायत दर्ज कराने पर आरपीएफ आरक्षक भूरा सिंह ने सीसीटीवी फुटेज की सहायता से उनकी तलाश शुरू की. जांच में पता चला कि घबराहट के कारण यात्री चलती और रुकती ट्रेनों में चढ़ने का प्रयास कर रहा था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था.

## यात्री का ट्रेन में छूटा बैग बरामद, 75,500 का सामान सुरक्षित लौटाया

**इटारसी.** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने तत्परता और सेवा भावना का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे यात्री के बैग को सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया. बैग में रखे ?70 हजार नगद, सोने का छोटा मंगलसूत्र और अन्य सामान सहित कुल 75,500 की सामग्री यात्री को लौटाई गई.

गंजबासौदा, जिला विदिशा निवासी हनुमंत पिता आवा घाडगे (55) रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से हड़पसर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22589) से पुणे की यात्रा कर रहे थे. उनका कोच एस-8, बर्थ नंबर 57 था. यात्री ने अपना बैग सीट पर रखा था, जिसमें ?70 हजार नगद, करीब ?5,500 कीमत का सोने का छोटा मंगलसूत्र, कपड़े और अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था.

# पुरानी इटारसी में पेयजल कार्य की धीमी गति से नागरिक परेशान

- पार्षद शिवकिशोर रावत ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, 8 दिनों में काम पूरा करने की मांग



**इटारसी. पुरानी इटारसी क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों की धीमी गति को लेकर नागरिकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं. समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद शिवकिशोर रावत ने जनसुनवाई के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की.**

ज्ञापन में बताया गया कि पुरानी इटारसी में चल रहे पेयजल कार्य बेहद धीमी गति से होने के कारण आम नागरिकों को जल संकट और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. वार्ड क्रमांक 4 के गोंडी मोहल्ला क्षेत्र में नलकूप का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे रहवासियों को परेशानी हो रही है.

पार्षद ने मांग की कि शनि मंदिर से मृत्युंजय कॉलोनी तक डाली गई 8 इंच की पाइपलाइन को वार्ड क्रमांक 4 की सभी गलियों में बिछी पाइपलाइनों से जल्द जोड़ा जाए, ताकि लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके.

**समस्याएं** — जनसुनवाई के दौरान कई तरह की समस्याएं को कलेक्टर के सामने नागरिकों ने पेश किया

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 28 जुलाई . शहर में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं. जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई. जनसुनवाई के दौरान 158 आवेदनों का निराकरण किया गया.**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त



होने वाले आवेदनों का समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए. जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. जनसुनवाई में ग्राम चांदला निवासी दिनेश गोस्वामी ने गेहूं की फसल की राशि का भुगतान ना होने की समस्या के संबंध में आवेदन दिया. प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये. एक अन्य मामले में ग्राम अकोला निवास मालती बाई ने अपने पति की मृत्यु के पश्चात आर्थिक सहायता प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया. प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को जांच कर शीघ्र सहायता प्रदाय करने के निर्देश दिए.इसी प्रकार ग्राम आगराकला निवासी बैनी प्रसाद ने खेत के आवागमन मार्ग से अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया. प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया है उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को अवैध अतिक्रमण चिन्हित कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.ग्राम झालसरसेठ निवासी सुमेर सिंह ने अपने परिजन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु उपरान्त क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के सम्बन्ध में आवेदन दिया. जिस पर अनुविभागीय अधिकारी इटारसी को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये.

## अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे का नागरिक अभिनंदन

**इटारसी.** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय की अस्पताल अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे का सेंट्रल इंडिया आउटरीच, सेंट्रल इंडिया थियोलॉजिकल सेमिनरी एवं पेंटेकोस्टल चर्च ऑफ गॉड के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया. प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल पहुंचकर डॉ. कुमरे से मुलाकात की और उनके कार्यों के लिए बधाई दी. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. मैथ्यू के. थॉमस एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी मिसेस एलिजाबेथ थॉमस की उपस्थिति में डॉ. कुमरे को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. प्रतिनिधिमंडल ने बीते तीन महीनों में अस्पताल की व्यवस्थाओं में हुए सुधार, बेहतर प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की सराहना की.

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हरिशंकर यादव (HARISHANKAR YADAV) आ0 मांगीलाल यादव (MANGILAL YADAV) के आधार कार्ड में तकनीकि त्रुटिवश आधार कार्ड में संजू यादव (SANJU YADAV) आ0 मांगीलाल यादव (MANGILAL YADAV) दर्ज हो गया है, जबकि मेरे के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम हरिशंकर यादव आ. मांगीलाल यादव दर्ज है।मेरे द्वारा इस सूचना के प्रकाशन में पुत्र हरिशंकर यादव (HARISHANKAR YADAV) के आधार कार्ड में संजू यादव (SANJU YADAV) आ0 मांगीलाल यादव (MANGILAL YADAV) के स्थान पर सही नाम हरिशंकर यादव (HARISHANKAR YADAV) आ0 मांगीलाल यादव (MANGILAL YADAV) दर्ज कराने हेतु प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध में मेरे द्वारा शपथ-पत्र भी निष्पादित किया गया है।

दिनांक -07.07.2026

भवदीय - मांगीलाल यादव आ. काशीराम यादव, निवासी ग्राम सोनतलाई, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) मो.नं. 7067419571

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, में वर्तमान में आयुध निर्माणी इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) में डी. एस. सी. में सिपाही के पद पर कार्यरत् हैं।मेरा आर्मी नंबर 9106385F है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा पुत्र का नाम अरहान एजाज (ARHAN AIJAZ) उसकी जन्म दिनांक 21.03.2017 त्रुटिवश दर्ज हो गई है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद एहसान बट (MOHAMMAD AHSAN BHAT) एवं उसकी सही जन्म दिनांक 15.06.2019 है जो कि समस्त दस्तावेजों में सही दर्ज है। मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र मोहम्मद एहसान बट (MOHAMMAD AHSAN BHAT) का सही नाम एवं उसकी सही जन्म दिनांक 15.06.2019 दर्ज कराने हेतु किया जा रहा है, इस संबंध में मेरे द्वारा एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है। उक्तानुसार सूचना जाने।

दिनांक - 28/07/2026, स्थान - इटारसी

भवदीय - ऐजाज अहमद बट आ. जीएच. हसन बट, निवासी म.नं. 731, डी.एस.सी. प्लाटून. आयुध निर्माणी इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), मो.नं. 7889774871

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, में वर्तमान में आयुध निर्माणी इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) में डी.एस.सी. में सिपाही के पद पर कार्यरत् हैं।मेरा आर्मी नंबर 9106385F है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री जेनब एजाज (ZAINAB AIJAZ) की जन्म दिनांक त्रुटिवश 06.08.2013 दर्ज हो गई है जबकि मेरी पुत्री जेनब एजाज की सही जन्म दिनांक 06.08.2016 है जो कि समस्त दस्तावेजों में सही दर्ज है। मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री जेनब एजाज की जन्म दिनांक 06.08.2013 के स्थान पर सही जन्म दिनांक 06.08.2016 दर्ज कराने हेतु किया जा रहा है, इस संबंध में मेरे द्वारा एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है।उक्तानुसार सूचना जाने।

दिनांक - 28/07/2026, स्थान - इटारसी

भवदीय - ऐजाज अहमद बट आ. जीएच. हसन बट, निवासी म.नं. 731, डी.एस.सी. प्लाटून. आयुध निर्माणी इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), मो.नं. 7889774871